# तीन वर्षों में नहीं पूर्ण हुआ आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के उन्नयन का कार्य

## डीएमएफ से वर्ष-2022 में करीब 45 लाख रुपए की मिली थी प्रशासकीय स्वीकृति, आरईएस है निर्माण एजेंसी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 नवम्बर। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सिंगरौली के अधिकारियों की कार्यगुजारी एक के बाद एक परत दर परत खुलने लगी हैं। वहीं मौजूदा कार्यपालन यंत्री की कार्यप्रणाली पर भी अब तरह-तरह की अंगुलियां उठ रही हैं।**

गौरतलब है कि जिले में खनिज प्रतिष्ठान मद की राशि में बंदरबांट, कमीशनखोरी के आरोप कई वर्षो से लगते आ रहे हैं। लेकिन पिछले दो वर्षो के दौरान डीएमएफ की राशि को लेकर जिला प्रशासन जहां निशाने में रहा है। वहीं राशि के दुरूपयोग को लेकर किरकिरी भी हो रही है। जानकारी के अनुसार डीएमएफ से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सिंगरौली को वर्ष 2021-22 में करीब 89 आंनवाड़ी केन्द्र भवन के उन्नयन कार्य के लिए तकरीबन 45 लाख रूपये की मंजूरी दी गई थी और आरोप लग रहे हैं कि तीन साल बाद भी कार्य पूर्ण हुआ कि नही, इसकी जानकारी आरईएस विभाग के कार्यपालन यंत्री नही दे रहे हैं।

साथ ही यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि यदि कार्य पूर्ण हुआ है तो पूर्णतया प्रमाण पत्र देने में इतना लेट लतीफी क्यों किया जा रहा है और यदि कार्य पूर्ण नही हुआ है तो उसकी जवाब देही किसकी है और किन कारणों से आंगनवाड़ी केन्द्र भवन का उन्नयन कार्य नही हो पाया है। अब सवाल उठाया जा रहा है कि आरईएस विभाग डीएमएफ मंजूरी कार्यो के प्रति गंभीर नही है या यह भी हो सकता है कि आंनवाड़ी केन्द्र भवनों के उन्नयन कार्य कागजों में ही कराने की मंशा रही हो और वह मंशा पूर्ण नही हो पाया है। उसमें कुछ न कुछ अड़चने आई होंगी या कोई रोड़ा डाला होगा। यह भी आरोप लग रहा है कि आरईएस विभाग का कुछेक अमला राशि की बंदरबांट करने में ज्यादा दिमाग लगाते हैं। संभवत: इसी के चलते उक्त कार्य तीन साल से लटके हुये हैं। हालांकि अब नवागत कलेक्टर गौरव बैनल के आने के बाद प्रबुद्धजनों ने उम्मीद जताई है कि डीएमएफ की राशि में पारदर्शिता आएगी और राशि की बंदरबांट करने वालों पर शिकंजा कसेंगे। ऐसा प्रबुद्धजन अनुमान लगा रहे हैं। फिलहाल जिले के 89 आंनवाड़ी केन्द्र भवनों के उन्नयन कार्य तीन वर्षो से लटके होने या कार्य पूर्ण होने के पूर्णतया प्रमाण पत्र शामिल न किये जाने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के जिम्मेदार अधिकारी की कार्यप्रणाली पर अब तरह-तरह की उंगलियां उठने लगी हैं।

### भोपाल से मांगी जानकारी, देने में आनाकानी

नवभारत ने आज 3 नवम्बर को अब तक नही हुई 241 शालाओं की मरम्मत शीर्षक नामक खबर प्रमुखता से सिंगरौली एवं भोपाल में प्रकाशित हुई। जहां भोपाल जन संपर्क आयुक्त कार्यालय से सिंगरौली से उक्त कार्यो की वर्तमान स्थिति की जानकारी तत्काल मांगी गई, लेकिन सूत्र बता रहे हैं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सिंगरौली के कार्यपालन यंत्री मनोज बाथम उक्त जानकारी देने में आनाकानी कर रहे हैं, बल्कि दबाव बना रहे हैं कि टालमटोल कर दिया जाये। आयुक्त जन संपर्क कार्यालय में वस्तुस्थिति की जानकारी देने में कार्यपालन यंत्री के द्वारा आनाकानी क्यों की जा रही है। इसका जवाब तो वही दे पाएंगे। लेकिन यह माना जा रहा है कि कहीं न कहीं 241 शाला भवनो के मरम्मत कार्य के लिए मंजूर 4 करोड़ 82 लाख रूपये में बंदरबांट करने की योजना रही होगी।

### सतत् तरीके से नहीं हुई कार्यों की समीक्षा

खनिज प्रतिष्ठान मद से कार्य मंजूर करने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने गहनता के साथ समीक्षा भी नही किया। अकेले आरईएस विभाग में 2021 से लेकर दिसम्बर 2024 तक करीब 30 से अधिक विभिन्न कार्य प्रगति पर बताकर अधिकारियों को हमेशा अंधेरे में रखा गया। वहीं आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सोनी का कहना है कि प्रभारी मंत्री सिंगरौली आना जाना लगा रहता है। डीएमएफ से मंजूर कार्यो की समीक्षा विभाग वार करने का उनके पास वक्त नही रहता है। नतीजा यही है कि पॉच साल से डीएमएफ के कार्य पूर्ण नही हो पाए हैं। कहीं न कहीं मंत्री से लेकर जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की घोर उदासीनता है। यदि उक्त कार्यो के संबंध में समीक्षा बैठक बुलाकर जानकारी ली गई होती तो कार्य हर हाल में पूर्ण होते। यही भी आरोप लगाया है कि उक्त कार्यो में राशि बंदरबांट की बू आ रही है।

# नई दिल्ली में केन्द्रीय कृषि मंत्री से मिले सिंगरौली विधायक

## अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसलों की सहायता राशि दिलाने दिया पत्र

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 नवम्बर। भारत सरकार के केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास विभाग के शिवराज सिंह चौहान से सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह आज नई दिल्ली कृषि मंत्रालय पहुंच मुलाकात करते हुये जिले में अतिवृष्टि से नष्ट हुई खरीफ फसलों की जांच कराकर किसानों को सहायता राशि दिलाये जाने पत्र सौपा है।**

सिंगरौली विधायक ने केन्द्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र देते हुये अवगत कराया है कि जिले में चार दिनों तक लगातार हुई बेमौसम बारिश अतिवृष्टि से मकान, बाउंड्रीवॉल व पेड़-पौधे क्षतिग्रस्त होने के साथ खरीफ फसले व्यापक पैमाने पर नष्ट होने की संभावना है। जिसकी जांच कराकर हितग्राहियों एवं किसानों को सहायता राशि प्रदान किया जाना अत्यंत आवश्यक प्रतीत हो रहा है। विधायक ने बताया कि कृषि मंत्री ने आश्वस्त किया है कि इस विपदा की घड़ी में केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है।

## एक नजर में

### कागज के कप में चाय पीने से होती है गंभीर समस्या

**सिंगरौली।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह ने जिले के नागरिकों, कागज के कपों का बहिष्कार करने के साथ ही स्वास्थ्य और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया है। उन्होंने बताया कि हाल के अध्ययनों से पता चला है कि जिस कागज के कप में आप गर्म चाय या कॉफी पीते हैं, वह आपके स्वास्थ्य के लिए एक चिकनाई युक्त जहर है। इन कपों की प्लास्टिक परत गर्म होने पर पिघलकर हानिकारक रसायन छोड़ती है, जो भविष्य में कैंसर और हार्मोन संबंधी बीमारियों का कारण बन सकता है।

### बीएलओ को मुक्त रखने के लिए दिए गए निर्देश

**सिंगरौली।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश जाधव द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमन में निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य प्रचलित हैं। बीएलओ द्वारा ऑनलाईन बीएलओ एप्प पर भी कार्य करना है। यह कार्य कल 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का है। साथ इस आशय का निर्देश भी जारी किया गया है। संबंधित विभाग अपने कर्मचारियों, जिनकी ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगी है, उन्हें प्रशिक्षण या अन्य कार्य में संलग्न न करें।

### फांसी के फंदे पर झूली 19 साल की युवती

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के ग्राम घोघरा निवासी एक 19 साल की युवती घर के अंदर साड़ी का फंदा बनाकर पंखे में फासी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यह घटना बीती मध्य रात्रि की है। घटना के संबंध में सरई पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम घोघरा निवासी द्वारिका प्रसाद साहू की 19 वर्षीय बेटी निलम साहू बीती रात 9 बजे खाना खा कर बहन अंकिता के साथ सो रही थी। 2:30 बजे अंकिता की नींद खुली तो वह चारपाई पर नही थी। देखा की वह फांसी के फंदे पर लटकी हुई है। कारण अज्ञात बताया जा रहा है।

# खाटू महाराज भगवान के समकक्ष थे, साक्षात् देवता के रूप हैं : डीके

## श्री खाटू श्याम का जन्मोत्सव समारोह कल बैढ़न में

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 नवम्बर। श्री श्याम प्रेमी मंडल सिंगरौली के द्वारा श्री खाटू श्याम का जन्मोत्सव 5 नवंबर को रामलीला मैदान में आयोजित होने जा रहा है, जिसको लेकर आज प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जहां आयोजन के बारे में विधिवत जानकारी दी गई।**

मीडिया कर्मियों से मुखातिब होते हुए श्याम प्रेमी मंडल के संरक्षक डॉ. डीके मिश्रा ने बताया कि खाटू महाराज भगवान के समकक्ष थे। साक्षात देवता के रूप हैं। उनके जन्म उत्सव को लेकर तैयारी की जा रही है। सभी से अपेक्षा की जा रही है कि होने जा रहे आयोजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें। सुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग की गई है, इसके अलावा वालेंटियर रखे जाएंगे। पूरा आयोजन सीसीटीव्ही कैमरे में कैद होगा। वही श्री श्याम प्रेमी मंडल के अमरदीप भरूका ने बताया कि मंडल की स्थापना 23 मार्च 2023 को हुई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य था सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना है। जब से मंडल की स्थापना हुई है तब से सनातन को लेकर कार्य किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रामलीला मैदान में 5 नवंबर को शाम 5:15 से प्रारंभ होगा। सिंगरौली वासियों से अपील है कि इस कार्यक्रम में पहुंचे। श्री श्याम के जन्मोत्सव में बरेली से राम श्याम, वाराणसी से पायल अग्रवाल, रेणुकूट से कृष्णा शर्मा बैढ़न से अनुष्का पांडेय के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से पंकज कुमार, गोविंद पांडेय, सत्येंद्र पांडेय, सुरेंद्र सोनी सहित श्री श्याम प्रेमी मंडल के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# खेतों में अंकुरित होने लगीं धान की फसलें, किसानों पर पड़ी दोहरी मार

## अन्नदाताओं पर प्रकृति ने बरपाया कहर, अतिवृष्टि से किसानों की आर्थिक कमर टूटी, अब भविष्य की चिंता



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 नवम्बर। जिले में पॉच दिनों तक हुई बारिश ने अन्नदाताओं पर दोहरी मार की है। एक ओर जहां धान के अलावा अधिकांश खरीफ फसलें अत्यधिक बारिश से चौपट हो गई। वहीं दूसरी ओर बेमौसम बारिश ने धान समेत अन्य फसलों को बर्बाद कर दिया है।**

यहां बताते चले कि पिछले सप्ताह जिले में पॉच दिनों तक रूक-रूक कर हुई बेमौसम बारिश से खेतों में सावन, भादौ, मास की तरह पानी जमा होने से अधिकांश धान समेत अन्य खरीफ फसलें सड़ गई। यहां तक कि किसान धानों को काट कर खेतों में रख दिया था और अब वह धान की फसलें अंकुरित होने लगी हैं। इस नजारे को देख किसान अपना माथा पीट रहे हैं। अब अन्नदाताओं को भविष्य की चिंता सताने लगी है। हालांकि कलेक्टर के निर्देश पर प्रभावित गांवों के फसलों के सर्वे कार्य चल रहा है। एसडीएम चितरंगी सौरव मिश्रा आज राजस्व अमले के साथ पिपरवान व बड़कुड़ गांव का मुआयना कर हालात का जायजा लिये।

### 28 वर्षों बाद अन्नदाताओं पर आई ऐसी आपदा

जिले में पिछले सप्ताह पॉच दिनों की बारिश ने किसानों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ दी है। जिले में लगातार सर्वाधिक बारिश होने से करीब-करीब अन्य फसलों की बुआई नही हो पाई। धान की फसले ज्यादा होने से अन्नदाताओं की निगाहें इसी पर टिकी थी। लेकिन रूठी प्रकृति ने किसानों के सारे सपनों पर पानी फेर दिया। यहां बताते चले कि वर्ष 1997 में सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में इसी तरह बारिश होने से किसानों पर मार पड़ी थी, लेकिन ऐसी विपदा उस समय भी इतना नही आई थी।

# काइट्स राइज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया पावर कंपनी का भ्रमण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 नवम्बर। सासन पावर लिमिटेड के सीएसआर विभाग द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में कई सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जिसके अन्तर्गत सासन पावर लिमिटेड द्वारा शिक्षा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को निरंतर औद्योगिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण करवाया जाता है।**

इसी कड़ी में काइट्स राइज पब्लिक स्कूल के छात्रों ने हाल ही में सासन पावर प्लांट का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बिजली उत्पादन की प्रक्रियाओं, औद्योगिक कार्यप्रणाली एवं उन्नत तकनीकों की जानकारी देना था। शैक्षणिक भ्रमण की शुरूआत सुरक्षा इंडक्शन सत्र से हुई, जिसमें प्लांट के सुरक्षा अधिकारियों ने औद्योगिक सुरक्षा मानकों, आपातकालीन प्रक्रियाओं और व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों को हेलमेट और रिफ्लेक्टिव के विषय में जानकारी दी गई। जिसमें वे सुरक्षित रूप से प्लांट का औद्योगिक भ्रमण कर सके।

# कोयला एवं राख परिवहन से प्रदूषण चरम पर

**नवभारत न्यूज**

**शक्तिनगर 3 नवम्बर। ऊर्जांचल परिक्षेत्र में अत्यधिक कोयला एवं बिजली परियोजनाओं से निकलने वाली राख परिवहन मानकों के विरुद्ध किए जाने से प्रदूषण अपने चरम पर है।**

प्रदूषण से परिक्षेत्र की जनता परेशान है, प्रदूषण जनित रोगों से लोग बीमार पड़ रहे हैं। शासन-प्रशासन के तमाम दावे झूठ साबित हो रहे हैं। भारी वाहनों के परिवहन से परिक्षेत्र की संपूर्ण सड़क भी ध्वस्त हो गई हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं के शिकार होके लोग मौत के मुंह में समा जा रहे हैं। परियोजनाओं से एवं प्रशासन से कई बार पत्राचार करते हुए वार्ता विस्थापित संगठनों द्वारा किया गया, पर कोई सुनवाई नहीं है। उक्त विचार ऊर्जांचल विस्थापित कल्याण समिति के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने साप्ताहिक बैठक में परियोजनाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि मानक के अनुरूप प्रदूषण कम नहीं हुआ और स्थानीय समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो यथाशीघ्र संगठन धरना प्रदर्शन करते हुए विधिक रूप से चक्का जाम की कार्रवाई की जाएगी। साप्ताहिक बैठक योगेंद्र सिंह पटेल, बृज बिहारी यादव, अधिवक्ता अमरकेश पांडेय, जंग बहादुर चौबे, चिंतामणि जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# भेदभाव या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत शिकायत करें : मनीष

## मुस्कान विशेष अभियान के तहत डीपीएस विद्यालय विंध्यनगर में जन जागरूकता अभियान जारी

**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 3 नवम्बर। मुस्कान विशेष अभियान के तहत डीपीएस विद्यालय विंध्यनगर में एसपी मनीष खत्री द्वारा छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक। इस अवसर पर थाना प्रभारी विंध्यनगर अर्चना दिवेदी मौजूद रही।**

आज दिन सोमवार को डीपीएस विद्यालय विंध्यनगर में एसपी मनीष खत्री ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सायबर फ्रॉड, मोबाइल के दुरुपयोग, कठिन विषयों के अध्ययन के तरीके, आत्मविश्वास एवं सतत परिश्रम के महत्व पर उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अध्ययन में कमजोर हैं, उन्हें हताश न होकर एकाग्रचित रहकर निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। सफलता किसी भी स्थिति से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही बताया कि बालक-बालिकाओं के बीच भेदभाव न करने की बात कहते हुए सामाजिक, समानता और संवेदनशीलता पर बल दिया तथा किसी भी प्रकार के भेदभाव या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत शिकायत करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को अभियान अभिमन्यु के संबंध में जागरूक किया गया। स्वस्थ समाज में पुरुषों व महिलाओं दोनों की समान भूमिका पर चर्चा की गई और बताया गया कि बच्चों की सक्रिय सहभागिता समाज में अनुशासन एवं जागरूकता को बढ़ाती है। उक्त कार्यक्रम में उपनिरीक्षक प्रियंका मिश्रा, विद्यालय के प्राचार्य जेपी पाण्डेय, प्रआर मुनेन्द्र राणा, नितिन, महिला शिक्षक व छात्र-छात्राएँ एवं पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान थाना एवं चौकी स्तर पर भी उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# अंबेडकर स्टेडियम में रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 3 नवम्बर। कार्यस्थल से परे संबंधों को मजबूत करते हुए एनटीपीसी विंध्याचल ने मेंटर-मेंटी संबंधों को सशक्त करने के उद्देश्य से 2 नवम्बर को अंबेडकर स्टेडियम में एक उत्साहपूर्ण रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया।**

यह आयोजन अंकुर योजना के तहत मेंटर-मेंटी जुड़ाव को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया था, जिसका सहयोग खेल परिषद ने किया। प्रतियोगिता ने ऊर्जा, टीम भावना और उत्साह से भरपूर वातावरण में मेंटर और मेंटी को एकजुट किया, जिससे आपसी सौहार्द और कार्यस्थल से परे अपनापन बढ़ा। यह प्रतियोगिता केवल एक खेल नहीं थी, बल्कि इसमें अंकुर कार्यक्रम के मूल सिद्धांत खुला संवाद, पारस्परिक विश्वास, सक्रिय सहभागिता और साझा अनुभवों की झलक देखने को मिली। ऐसे आयोजन न केवल औपचारिक प्रशिक्षण को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि संगठन में सहयोग, आत्मविश्वास और सकारात्मक संस्कृति को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का समापन एक सम्मान समारोह के साथ हुआ।

# रम्पा में साइबर सुरक्षा जागरूकता आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 नवम्बर। शासकीय आदर्श महाविद्यालय रम्पा में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय में संचालित एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार चतुर्वेदी के द्वारा किया गया।**

कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य हिन्दी विभाग की पुष्पा यादव के द्वारा किया गया। साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माड़ा थाना प्रभारी शिव पूजन मिश्रा का महाविद्यलाय के अनुशासन प्रभारी डॉ. केपी तिवारी के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया, तत्पश्चात डॉ. गिरीश कुमार चतुर्वेदी के द्वारा स्वागत भाषण के द्वारा मुख्य अतिथि उपस्थित सभी छात्र-छात्राएं और सभी शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ गण का स्वागत किया गया।

# अब तक 41,985 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह एवं 39,757 यूनिट की हुई खपत

## रेडक्रॉस ब्लड सेंटर सिंगरौली ने मनाया 11वां स्थापना दिवस, रक्तदान अमृतदान, 11 वर्षों की सेवा यात्रा का गौरवपूर्ण उत्सव

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 नवम्बर। एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय परिसर स्थित रेडक्रॉस ब्लड सेंटर का 11वां स्थापना दिवस आज दिन सोमवार को उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह अवसर उस ऐतिहासिक दिन की स्मृति में मनाया गया जब 3 नवंबर 2014 को ब्लड सेंटर की स्थापना की गई थी।**

समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के चेयरमैन एसडी सिंह ने स्वागत उद्बोधन में ब्लड सेंटर की उपलब्धियों, रक्तदान शिविरों, जनजागरूकता अभियानों एवं जनसेवा कार्यों की जानकारी दी। अब तक केंद्र द्वारा 41,985 यूनिट रक्त संग्रह एवं 39,757 यूनिट वितरण किया गया है, वहीं थैलेसीमिया एवं सिकल सेल एनीमिया के 170 मरीजों को 1,709 यूनिट रक्त नि:शुल्क एवं बिना रिप्लेसमेंट के प्रदान किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेडक्रॉस चेयरमैन एसडी सिंह ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में एनटीपीसी विंध्याचल के हेड ऑफ प्रोजेक्ट संजीव कुमार साहा मौजूद रहे। विशेष अतिथि के रूप में सीएमओ डॉ. बिनोद कुमार भराली, प्रमुख मानव संसाधन विभाग राकेश अरोड़ा एवं उपाध्यक्ष रेडक्रॉस सोसाइटी मनोज प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के जनसेवा कार्यों की सराहना करते हुए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान ब्लड सेंटर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आरडी द्विवेदी ने ब्लड सेंटर की प्रगति यात्रा पर प्रकाश डाला तथा जय प्रकाश दुबे ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। समारोह का आकर्षक क्षण स्थापना दिवस केक काटना रहा, जिसे मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अंत में डॉ. बिनोद कुमार भराली ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय के डॉक्टर्स डॉ. प्रतिमा महिंद्रा, डॉ. मयूराक्षी भराली, डॉ. अन्तोष कुमार, डॉ दीपक डे, डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ, साथ ही पावर ग्रीड कॉरपोरेशन लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक एलबी दुबे, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. ओपी राय सहित अन्य की सफलता में सक्रिय भूमिका रही।